## न्यूज डायरी



### एक युवक कोरोना से जूझ रही मां के अंतिम दर्शन को खिड़की पर चढ़ गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अबीब। कहते हैं कि किसी इंसान के लिए मां से बढ़कर कोई नहीं होता है। मां के चरणों में ही जन्नत होती है। मां और बेटे का यही अद्भुत प्रेम फलस्तीन के वेस्ट बैंक इलाके में देखने को मिला। बैत अवा कस्बे में एक फलस्तीनी युवा कोरोना वायरस से जूझ रही अपनी मां के अंतिम दर्शन के लिए रोज अस्पताल के अंदर बनी ऊंची खिड़की पर चढ़ जाता था। यह सिलसिला तब तक जारी रहा जब उसकी मां इस दुनिया से सदा के लिए चली नहीं गई। बताया जा रहा है कि युवक की मां रस्मी सुवैती (73) हेब्रोन स्टेट हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती थीं। कोरोना वायरस की वजह से युवक की मां को अलग–थलग रखा गया था ताकि संक्रमण फैले नहीं। गुरुवार की शाम को रस्मी का निधन हो गया। अस्पताल की खिड़की पर बैठे बेटे की तस्वीर पूरी दुनिया में जमकर शेयर की जा रही है। हजारों की संख्या में लोग कॉमेंट करके इस रुला देने वाली घटना को शेयर कर रहे हैं।

### यूक्रेन में हथियारबंद हमलावर ने 20 लोगों को बंधक बनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। यूक्रेन के पश्चिमी इलाके में एक हथियारबंद हमलावर ने यात्रियों से भरी बस को अपने कब्जे में ले लिया है। इस बस में 20 यात्री सवार हैं और हमलावर ने सभी को बंधक बना लिया है। बंधक बनाए जाने की यह घटना लुट्स्क शहर की है। पुलिस ने पूरे इलाके को कब्जे में ले लिया है और बंधकों को छुड़ाने का प्रयास कर रही है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमलावर के पास विस्फोटक और हथियार है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि बंधक बनाने वाली की मांग क्या है। पुलिस ने बताया कि उसने शहर के मध्यवर्ती इलाके को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया है। अपहरणकर्ता से बातचीत के प्रयास किए जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी की अभी प्रतिक्षा है।

### उत्तरपश्चिमी पाकिस्तान में खिलौना बम विस्फोट, पांच बच्चे घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। अफगानिस्तान की सीमा से लगे हुए उत्तरपश्चिमी पाकिस्तान के कबायली इलाके में मंगलवार को खिलौने जैसे दिखने वाले बम में विस्फोट में कम से कम पांच बच्चे घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण वजीरिस्तान जिले में कुछ बच्चे इसके साथ खेल रहे थे तभी यह धमाका हुआ। उन्होंने बताया कि इस घटना में छह से 12 साल की उम्र के पांच बच्चे घायल हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि बम कहां से आया यह पता नहीं चल पाया है।उत्तरपश्चिम पाकिस्तान में इसके पहले भी 'खिलौना बम' में विस्फोट में दर्जनों बच्चे अपनी जान गंवा चुके हैं।

### दक्षिण अफ्रीका में कोविड–19 से मरने वालों की संख्या पांच हजार के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका में कोविड–19 से मरने वालों की संख्या 5,000 के पार होने के मद्देनजर देश के स्वास्थ्य मंत्री जवेली मखिजे ने इस घातक वायरस के खिलाफ लड़ाई में लोगों से सरकार की मदद करने की अपील की है।देश में कोरोना वायरस के 3,64,328 पुष्ट मामले हैं, जिनमें से 1,91,059 लोग ठीक हो चुके है। वहीं इस वायरस से 5,033 लोगों की जान जा चुकी है। मखिजे ने कहा कि सरकार इस संकट से निपटने की हर संभव कोशिश कर रही है, ''लेकिन सरकार इसे अकेले नहीं कर सकती।''मंत्री ने कहा कि लोग सामाजिक दूरी के नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। मास्क या तो पहन नहीं रहे या ढंग से नहीं पहन रहे। इसके अलावा बार–बार हाथ धोने को लेकर भी कोताही बरती जा रही है।उन्होंने कहा कि इससे संक्रमण के आगामी पखवाड़े में काफी बढ़ने की आशंका है।मखिजे ने कहा, '' हमारे पास टीका नहीं है। हमारे पास इलाज नहीं है। इस श्रृंखला को केन्द्रित रहकर एवं अनुशासन में रहकर और गैर फार्मास्यूटिकल हस्तक्षेपों संबंधी सिफारिशों का पालन करके ही तोड़ा जा सकता है।''उन्होंने कहा कि सरकार और लोगों के बीच सहयोग से ही वायरस को मात दी जा सकती है।

# कराची में एक दूसरा डॉन उजैर बलोच सुर्खियों में

**बैकसीट**

## कराची की सत्ता अंडरवर्ल्ड डान दाऊद इब्राहिम के इशारे पर चलती है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के चहेते मंत्री अली हैदर जैदी ने जब शनिवार को सिंध के एक विपक्षी मंत्री पर ड्रग कारोबार को पनाह देने का आरोप लगाया तो यह भुट्टो परिवार पर कोई फौरी राजनीतिक हमला नहीं था। जैदी ने दूसरे दिन एक ट्वीट में बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी–सिंध में सत्ताधारी) को 'अपहरण, उगाही, भ्रष्टाचार...यहां तक कि हत्या' में संलिप्त बताया।

भारत और पूरी दुनिया में माना जाता है कि बंदरगाह शहर कराची की सत्ता अंडरवर्ल्ड डान दाऊद इब्राहिम के इशारे पर चलती है। लेकिन सिंध में, अली हैदर जैदी की तरह कई लोगों का मानना है कि संगठित अपराध पाकिस्तान के इस बड़े शहर में मंत्रियों के गुटों के रूप में फैल गया है। इस प्रांत में पीपीपी सत्ता में है।





भुट्टो परिवार पर विपक्षी दलों द्वारा यह आरोप लगाया जाता रहा है कि वे अंडरवर्ल्ड डॉन उजैर बलूच को संरक्षण देते रहे हैं, जबकि वह 150 लोगों की हत्या में संलिप्त रहा है। उजैर अभी कराची सेंट्रल जेल में बंद है और जेल से ही अपने गैंग का संचालन करता है।

भारत का मोस्ट वांटेड भगोड़ा दाऊद इब्राहिम, बताया जाता है कि पॉश क्लिफ्टन इलाके में रहता है और वह ड्रग, उगाही, फिरौती के लिए अपहरण जैसे अपराधों को लेकर स्थानीय प्रतिद्वंद्विता से लगातार खुद को दूर रखे हुए है। दाऊद की कुख्यात डी–कंपनी इंटरनेशनल सिंडिकेट क्राइम और हवाला ऑपरेशंस पर ज्यादा फोकस करता है।

अभी तक डी कंपनी का ल्यारी गैंग्स से कोई विवाद सामने नहीं आया है। ल्यारी कराची में स्थित घनी आबादी वाला इलाका है। ल्यारी आपराधिक गिरोहों, ड्रग्स और बंदूक के कारोबार के लिए कुख्यात है। इस समय, उजैर बलूच(41) से संबद्ध ल्यारी गैंग्स का इस बंदरगाह शहर पर राज है और जहां अंडरवर्ल्ड मुख्य रूप से अफगानिस्तान से मादक पदार्थों की तस्करी पर फल–फूल रहा है।

उजैर 2013 में लाइमलाइट में तब आया था, जब उसने अंडरवर्ल्ड के दिग्गज पप्पू अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी थी। करांची पुलिस के रिकार्ड के अनुसार, उजैर पॉश डिफेंस हाउसिंग एरिया(डीएचए) में 20 हथियारबंद लोगों के साथ उसके घर गया और अशरफ व उसके दो साथियों का पहले अपहरण कर लिया और फिर बाद में हत्या कर दी।

पाकिस्तान और ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाला उजैर दोनों देशों के बीच शिफ्टिंग करने के दौरान अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करता था। इस खूंखार गैंगस्टर को नियंत्रित करने के लिए, अधिकारियों ने 2017 में जासूसी के एक मामले में इसे सेना को सौंप दिया था।

इसबीच, समुद्री मामलों के संघीय मंत्री अली हैदर जैदी ने मीडिया के साथ एक वीडियो साझा किया है, जिससे उजैर और भुट्टो परिवार के नापाक रिश्ते का खुलासा होता है।

## नेपाल की सत्ताधारी पार्टी की बैठक दो घंटे के लिए स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के नेतृत्व वाले बागी धड़े के बीच होने वाली महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दो घंटे के लिए स्थगित हो गई।कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को अनौपचारिक रूप से सुलझाने के लिए दोनों नेताओं के समय मांगने के बाद यह बैठक स्थगित हुई। स्थायी समिति के सदस्य एवं नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के एक वरिष्ठ नेता गणेश शाह ने बताया कि स्थायी समिति की बैठक दो घंटे यानी दोपहर एक बजे तक स्थगित कर दी गई है।स्थायी समिति की इस बैठक में सत्ता साझेदारी पर बातचीत होने की संभावना है। गौरतलब है कि 24 जून से अभी तक समिति की बैठक कई बार टल चुकी है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि ओली और प्रचंड अनौपचारिक तौर पर कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे सुलझाना चाहते थे, इसलिए बैठक दो घंटे के लिए स्थगित की गई है। पार्टी की 45 सदस्यीय शक्तिशाली स्थायी समिति की बैठक सबसे पहले 24 जून को बुलाई गई थी, जिसके पहले प्रधानमंत्री ओली ने आरोप लगाया था कि कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा, तीन भारतीय क्षेत्रों को देश के नए राजनीतिक नक्शे में शामिल करने के बाद उन्हें सत्ता से बाहर करने के लिए पार्टी के कुछ नेता दक्षिणी पड़ोसी देश के साथ मिल गए हैं।



## रूस ने बनाई किलर डॉल्फिन मछलियों की सेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रूस। सुपरपावर रूस ने दुनियाभर में जंग जीतने के लिए बेजोड़ हथियार निकाला है। अपने परमाणु हथियारों से पूरी पृथ्वी को कई बार तबाह करने की क्षमता रखने वाला रूस अब दुनिया की सबसे बुद्धिमान मछलियों में शुमार डॉल्फिन के सहारे युद्ध जीतने में लग गया है। सैटलाइट से मिली ताजा तस्वीरों में खुलासा हुआ है कि रूस ने गृहयुद्ध से जूझ रहे सीरिया में अपनी पनडुब्बियों के साथ प्रशिक्षित डॉल्फिन मछलियों को भी तैनात किया है। रूस की नौसेना ने अमेरिका के जवाब में 1990 के दशक में मरीन मैमल प्रॉजेक्ट शुरू किया था। रूस के इस प्रॉजेक्ट ने उस समय दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा जब बेलुगा नाम व्हेल मछली अप्रैल 2019 में नार्वे पहुंची।

# पाकिस्तान ने चीन को दिया बड़ा झटका, बीगो ऐप बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की इमरान खान सरकार ने अपने सदाबाहार दोस्त चीन को बड़ा झटका दिया है। भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी चीन के बीगो ऐप को बैन कर दिया है, वहीं टिकटॉक को अंतिम चेतावनी दी है। पाकिस्तान ने अश्लील और अनैतिक सामग्री दिखाने पर यह बैन लगाया है। इससे पहले पाकिस्तान ने गेमिंग ऐप पबजी पर भी बैन लगा दिया था।

पिछले हफ्ते ही लाहौर हाई कोर्ट में एक याचिका दायर करके टिकटॉक पर तत्काल बैन लगाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने कहा था कि यह ऐप आधुनिक

**टिकटॉक को अंतिम चेतावनी**

समय में बहुत बड़ी बुराई है। उन्होंने कहा कि टिकटॉक सोशल मीडिया पर प्रसिद्धी और रेटिंग की लालच में पोर्नोग्राफी का बड़ा स्रोत बन गया है। पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी शिकायत में कहा गया है कि टिकटॉक और बीगो के बारे में समाज के विभिन्न तबकों से शिकायत मिली थी।

पाकिस्तान सरकार ने कहा कि दोनों ही ऐप की ओर से आया जवाब संतोषजनक नहीं है। इसके बाद सरकार ने बीगो को बैन कर दिया और टिकटॉक को अंतिम चेतावनी दी गई है। इससे पहले इमरान खान सरकार ने ऑनलाइन मल्टीप्लेयर गेम पबजी पर प्रतिबंध का ऐलान किया था।

सरकार ने इस गेम को इस्लाम विरोधी बताते हुए कहा था कि इस गेम से युवाओं को लत लग जाती है। सरकार ने यह भी कहा कि इस गेम के कारण युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। पाकिस्तान टेलीकम्यूनिकेशन अथॉरिटी के अनुसार, पाकिस्तान में पबजी के कारण युवाओं पर कई तरह के मानसिक दबाव पड़ रहे हैं। ऐसे में युवाओं में आत्महत्या के मामसे भी तेजी से बढ़े हैं। इस सरकारी एजेंसी ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा कि पबजी गेम में कुछ दृश्य इस्लाम विरोधी होते हैं। जिनको पाकिस्तान में इजाजत नहीं दी जा सकती है।

## नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल में जारी राजनीतिक संकट के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ डील के बाद बुरे फंसे पार्टी के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड अब सफाई देते फिर रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता माधव कुमार के चौतरफा घेरने के बाद प्रचंड ने पार्टी के आम सभा की बैठक जल्द बुलाने की संभावना को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि नवंबर–दिसंबर में पार्टी के आम सभा की बैठक संभव नहीं है। प्रचंड का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब ओली अपनी कुर्सी कुछ महीने और बचाने के लिए नवंबर–दिसंबर में पार्टी के आम सभा की बैठक बुलाने पर जोर दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच एक अंतरिम डील भी हुई थी और कहा गया था कि पार्टी की आम सभा की बैठक नवंबर/दिसंबर में बुलाई जाएगी। वहीं ओली प्रचंड को पार्टी अध्यक्ष के लिए समर्थन देंगे। इस डील से अब और ज्यादा विवाद बढ़ गया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता माधव कुमार नेपाल ने पर्दे के पीछे से हुए इस समझौते पर कड़ी आपत्ति जताई थी। माधव कुमार नेपाल के विरोध के बाद प्रचंड ने सफाई दी है।